सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

स्कूल एवं कॉलेज में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम किए गए

नवभारत न्यूज

मैहर 4 जुलाई, मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिह (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिन शनिवार 4 जुलाई 2026 को स्कूल एवं कॉलेज में थाना कोतवाली मैहर एवं साइबर सेल द्वारा विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी प्रदान की गई।

कायहक्रम के दौरान बताया गया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, वीडियो कॉल, सोशल मीडिया, नकली एपीके, फर्जी निवेश योजनाओं, टास्क फ्रॉड, युपीआई/क्यूआर कोड, कस्टमर केयर अधिकारी बनकर तथा ओटीपी प्राप्त कर लोगों से ठगी करते हैं।

उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सलाह दी गई कि किसी भी अज्ञात लिक पर क्लिक न करें, कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड न करें ओटीपी, पिन, सीव्हीव्ही अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा संदिग्ध कॉल प्राप्त होने पर तत्काल कॉल काट दें। साथ ही यह भी बताया गया कि ''डिजिटल अरेस्ट'' नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को साइबर सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। मैहर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा डब्ल्यू. डब्ल्यू डब्ल्यू. साइबर क्राइम.गर्व.इन पर शिकायत दर्ज कराएं।

खेरवा कला आरओबी निर्माण पर विवाद

ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम को दिखाई कथित तकनीकी खामियां

- GAD ड्राइंग के विपरीत निर्माण का आरोप, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

अमदरा 4 जुलाई, ग्राम खेरवा कला में निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज (ROB) के निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय राजेंद्र शुक्ला जी के क्षेत्र से गुजरने के दौरान उन्हें निर्माण स्थल पर ले जाकर पुल निर्माण में कथित तकनीकी अनियमितताओं से अवगत कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य स्वीकृत ब्रष्ठ ड्राइंग के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि पूर्व में लोक निर्माण विभाग एवं रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर निरीक्षण कर स्वीकृत ड्राइंग के अनुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में यह पुल आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री जी से पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराने, दोषी अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा स्वीकृत ब्रष्ठ ड्राइंग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री से उम्मीद जताई कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी, ताकि निर्माण कार्य में पारदर्शिता बनी रहे और भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

विभाग का पक्ष नहीं मिल सका

समाचार प्रकाशित किए जाने से पूर्व संबंधित विभाग के कार्यपालन यंत्री (ईई) से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष नियुक्त हुए नितिन ताम्रकार

नवभारत न्यूज

मैहर 4 जुलाई, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने व्यापारी कल्याण संघ मैहर के अध्यक्ष नितिन ताम्रकार को बड़ी सामाजिक जिम्मेवारी सौंपते हुए जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की है।

उक्त संघ ने नितिन ताम्रकार से अपेक्षा रखते हुए नियुक्ति की है कि आप सदैव समाज हित के कार्यों में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करेंगे। नितिन ताम्रकार की इस नियुक्ति से समाज संगठित होगा साथ ही समाज को एक नई दिशा भी मिलेगी। नितिन ताम्रकार की तामम सामाजिक कार्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी रहती है। समाज के तमाम ज्येष्ठ श्रेष्ठ बुद्धजीवियों ने नितिन ताम्रकार को बधाई देते हुए शुभकामनाएं संप्रेषित की है।

निजी एम्बुलेंस संचालक की अराजकता पर आखिर कब लगेगी लगाम

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 4 जुलाई, सिविल अस्पताल परिसर को पूरी तरह से अपने कब्जे में ले रखें निजी एम्बुलेंस संचालकों पर कार्रवाई करने के हिचकिचाहट क्यों आसमानी उड़ान का अरमान लिये उड रहे संचालक के पर कतरने के अस्पताल प्रबंधन ठुल मुल प्रयास अब तक असफल ही क्यों साबित हुये। जिसके चलते इसके हौसले पूरी तरह से सातवें आसमान पर है.

कब्जा जमाये बैठे निजी एम्बुलेंस संचालक की दुकान दारी को बन्द

गौर तलब हों कि पूर्व में पूर्व जिला कलेक्टर द्वारा समेत ज़िला चिकत्सा अधिकारी द्वारा भी सख्ती के साथ अवैध रूप से करने का स्पष्ट आदेश के साथ कानूनी कार्रवाई का निर्देश देने के बाद यहां के हालात को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि अस्पताल प्रबंधन इसके अरमानों पर पानी फेरने की जगह महज कागजी खानापूर्ति के जरिये अस्पताल को निजी एम्बुलेंस वा अन्य वाहनों से मुक्त करना ही नहीं चहता है। जिला कलेक्टर यदि आकस्मिक रूप से इस सिविल अस्पताल का निरीक्षण करें तो स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जायेगी की यहां किस तरह की आरजकता का हाल हैं।

आये दिन होता विवाद

सिविल अस्पताल का परिसर तो बना है मारीजों वा विभागीय कर्मचारियों सहित अस्पताल के वाहनों को खड़ा करने के लिये लेकिन यहां कब्जा पूरी तरह से निजी एम्बुलेंस संचालक का जिसके चलते वाहनों को खड़ा करने में मारीज परिजनों से आये दिन ही तू तू मैं मैं होती रहती है कई बार सिविल अस्पताल कर्चामचारियों समेत शासकीय एम्बुलेंस चालकों से भी उलझने के बाद भी इसकी सेहत पर कोई असर ना पड़ना ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इसको ठीहे को हटा पाना अस्पताल प्रबंधन के वश की बात नहीं है

महेंद्र त्रिपाठी मैहर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोनीत

शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय नेताओं का जताया आभार

नवभारत न्यूज

मैहर 4 जुलाई, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के बाद मैहर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।

इस नई सूची के अनुसार, क्षेत्र के सक्रिय नेता महेंद्र त्रिपाठी (पप्पू भैया) को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन मंत्री संजय कांबले, मैहर जिला के प्रभारी आदरणीय मंगू भैया, लोकप्रिय जिला अध्यक्ष धर्मेश घई (रोमी भैया) और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश प्रजापति का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वे इन सभी के सदैव आभारी रहेंगे।

संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता

इस अवसर पर महेंद्र त्रिपाठी ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूं गा। मैहर क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए मैं हर संभव कोशिश करूंगा। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना मेरी मुख्य प्राथमिकता होगी।

विपिन सिंह बघेल बने जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के महासचिव

नवभारत न्यूज

मैहर 4 जुलाई,जिला कांग्रेस कमेटी मैहर की नवगठित जिला कार्यकारिणी में विपिन सिंह बघेल को महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति एवं अनुशंसा पर की गई है।

गौरतलब है कि विपिन सिंह बघेल वर्तमान में कांग्रेस के परिवहन प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। महासचिव पद पर नियुक्ति की जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया। इस अवसर पर श्री विपिन

सिंह बघेल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी, जिला अध्यक्ष श्री धर्मेश घई (रोमी) सहित कांग्रेस के समस्त उच्च पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और भरोसा जताया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं मेहनत से करेंगे।

महिला की संदिग्ध मौत पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 जुलाई, रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में महिला की हुई संदिग्ध मौत के बाद पति सहित बेटे ने जमीनी विवाद में मृतिका के देवर और साथियों पर दुष्कर्म कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है.

महिला की संदिग्ध मौत के बाद देवर ही उसे लेकर अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचा था लेकिन जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई वह अस्पताल पहुंचे तो संदेही वहां से फरार हो गये. इस पूरे घटनाक्रम को लेकर एक ऑडियो मृतका के भाभी के फोन से सामने आया है. जिसमें घटना के समय मृतका चीख पुकार कर रही है. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गढ़ थाना क्षेत्र के देवास निवासी सविता पटेल

अपने पति विमलेश पटेल के साथ सूरत में रहती थी और अपने गांव मकान बनवाने के लिए आई थी. घटना बीती रात तकरीबन 11 बजे की है.

मृतिका के परिजनों का आरोप है कि जब महिला अपने घर में अकेली थी तभी देवर रमाकांत पटेल एवं उसके साथियों ने मिलकर महिला के साथ गैंग रेप किया और उसे मौत के घाट उतार दिया. इसी बात को लेकर अभी अस्पताल में भी हंगामा हुआ. संदिग्ध मौत को लेकर देवर बार-बार अपना बयान बदलता रहा. बताया जा रहा है कि परिजनों से सांप काटने की बात कही गई थी लेकिन अब देवर रमाकांत घटना के संबंध में किसी भी जानकारी से इनकार कर रहा है. फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और परिजनों के बयान लिये. हालाकि पुलिस जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा.

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत, एक की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 जुलाई, सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझगवां के समीप हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में दो की मौत हो गई. जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. जिसे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

घटना के संबंध में जगमोहन पटेल निवासी लौआ कोठार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका भतीजा आर्यन पटेल अपने साथी आयुष सेन और सोनू बुनकर के साथ बाइक से मझगवां स्कूल में बच्चों का प्रवेश करने गया था. बताया गया है कि वहां से दोपहर तकरीबन 3 बजे वापस लौट रहे थे. इसी दौरान मझगवां के समीप अचानक सामने आए मवेशी से पहले बाइक टकरा गई उसके बाद अज्ञात बहन ने युवको को कुचल दिया.

इस दौरान आर्यन पटेल और आयुष सेन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि सोनू बुनकर गंभीर रूप से घायल हुआ है. घटना की सूचना पर सगरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया है. जबकि घायल का उपचार जारी है वहीं अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है.

चित्रकूट में धूमधाम से मनाया गया पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल का जन्मदिन

बधाई देने के लिए उमड़े भाजपाईयों और समर्थकों के हुजूम ने भरा जोश

- हजारों समर्थकों ने फूलमालाओं से लादकर पूर्व सांसद को दी जन्मदिन की बधाई
- चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे हैं कद्दावर राजनेता आर के सिंह पटेल

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 4 जुलाई, बुंदेलखंड के कद्दावर राजनेता उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बांदा - चित्रकूट के निवर्तमान सांसद आर के सिंह पटेल का जन्मदिन चित्रकूट जनपद मुख्यालय स्थित आवास में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।

संसदीय क्षेत्र से आए हजारों भाजपाई और समर्थकों ने पूर्व सांसद श्री पटेल को जन्मदिन की बधाई देते हुए भगवान श्री कामतानाथ सरकार से उनके दीर्घायु होने के साथ साथ राजनीति के उच्च शिखर पर पहुंचकर राष्ट्रसेवा में समर्पित रहने की कामना की।

लोकतंत्र सेनानी रामप्रकाश द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल,नगर पालिका चित्रकूट के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी,अरविंद कुमार मिश्रा,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ,

इससे पूर्व बांदा चित्रकूट के निवर्तमान सांसद आर के सिंह पटेल ने भगवान श्री कामतानाथ जी के मंदिर पर माथा टेककर देश की सुख समृद्धि और पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की कामना की गई।

निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने विशेष शिविर 6 से 8 जुलाई तक

नवभारत न्यूज

सतना 04 जुलाई , म.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नगर पालिक निगम सतना क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक संजीवनी हॉस्पिटल कामता टोला सतना में आयोजित होगा। सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग सतना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवारों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ना है, ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। श्रम विभाग द्वारा आसपास के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर स्थल पर उपस्थित होकर अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इससे भविष्य में गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगी।

कम पानी एवं कम अवधि वाली फसलों का बढ़ाएं रकबा : डॉ .यादव

सरकार किसानों के हित में कर रही सभी व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

सतना 04 जुलाई, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। यह बड़े मुनाफे का काम है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें।

मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक

तैयारियां कर रही है। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से विशेष रूप से श्रीअन्न (मोटा अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य कम पानी में सफलतापूर्वक पैदा होने वाली फसलों का रकबा बढ़ाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि ये फसलें जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के अनुरूप होने के साथ कम लागत, अधिक पोषण एवं किसानों की आय वृद्धि के बेहतर विकल्प की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियां अपनाकर ही उत्पादन और आय को सुरक्षित रखा जा सकता है।

नदियों की साफ-सफाई एवं पुनर्जीवन से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 4 जुलाई, जनपद की ग्राम पंचायत कोटवा के चचोखर मजरा में मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य का कार्यक्रम विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश द्विवेदी एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया तथा मोहना नदी के जीर्णोद्धार कार्य में श्रमदान कर जनभागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक अविनाश द्विवेदी ने कहा

कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग जनपद में आगमन के पश्चात लगातार भ्रमण कर जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ संपादित करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोहना नदी का जीर्णोद्धार कार्य जिला खनिज फाउंडेशन की लगभग 74 लाख रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण एक सामाजिक दायित्व है तथा इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। जिलाधिकारी गर्ग ने उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गत माह निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई थी कि मोहना नदी की कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण यह नदी विलुप्त होने की स्थिति में पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद की नदियों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग 15 किलोमीटर लंबी इस नदी का जीर्णोद्धार जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुदाई से निकलने वाली मिट्टी किसानों के लिए नि:शुल्क उपलब्ध है तथा किसान अपने खेतों की उर्वरता एवं समतलीकरण के लिए इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई किसान अपने खेतों के लिए मिट्टी ले भी जा रहे हैं। इस दौरान कृषक राजेश कुमार ने बताया कि उन्होंने लगभग 30 ट्रॉली मिट्टी अपने खेतों में डलवाई है। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने, तालाबों में जल संचयन करने तथा तालाबों के जीर्णोद्धार में भी सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मिट्टी परिवहन एवं जन सहभागिता में योगदान देने वाले अभी तक लगभग 100 से ज्यादा किसान 80000 घन मीटर मिट्टी के उपयोग ले चुके हैं। किसानों मे राजेश कुमार, पुष्पराज यादव, अमित द्विवेदी, अजयपाल, ब्रजेश पाण्डेय एवं टीकू द्विवेदी आदि को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।